हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

छठ पूजा का त्योहार आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ।सूर्य की उपासना का प्रतीक और लोक परंपराओं के महापर्व छठ उत्सव के अवसर पर कल हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में पवित्र ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय छठ पूजा महोत्सव में शिरकत की और सभी को छठ उत्सव की शुभकामनाएं दी।मुख्यमंत्री ने हरियाणा से छठ पूजा के सम्बन्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी। सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी।श्री नायब सिंह ने कहा कि छठ पर्व को एक भारत श्रेष्ठ भारत का उत्तम उदाहरण कहा जा सकता है।उन्होंने अस्ता चलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। साथ ही उन्होंने मंत्रोच्चारण के बीच परम्परा अनुसार देश के नागरिकों के लिए मनोकामना पूर्ति, समृद्धि और प्रगति के लिए पूजा अर्चना भी की।कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी एवं काव्य कृष्णा मूर्ति सहित अन्य कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री ने महा छठ पर्व महोत्सव के अवसर पर करनाल में आयोजित कार्यक्रम में भी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।मुख्यमंत्री ने पश्चिमी यमुना नहर के किनारे पर स्थापित भगवान सूर्य देव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के दो प्रमुख वादों को पूरा करते हुए राज्यभर के सभी 26 सरकारी अस्पतालों और

15 सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क किए जाने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने कल पी जी आई चंडीगढ़ में टेलीमेडिसिन सेवाओं की तर्ज पर पी जी आई रोहतक में टेली-परामर्श सेवाएं शुरू करने की घोषणा भी की।इस सेवा से राज्य के निवासियों को बिना किसी खर्च के चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी, जिससे लोगों, विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ होगा।मुख्यमंत्री कल चंडीगढ़ में स्वास्थ्य, आयुष और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने बैठक में पूरे राज्य में सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ अपने निर्धारित ड्यूटी घंटों के दौरान उपलब्ध रहें ताकि रोगियों को स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने बेहतर संचार और रोगी सहायता की आवश्यकता पर भी जोर दिया।उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के लिए मरीजों से नकद पैसे लेने के आरोप पर योजना के तहत सूचीबद्ध कुरुक्षेत्र के अग्रवाल नर्सिंग होम का मनोनयन तत्काल प्रभाव से रद्द करने के आदेश दिए।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कोई अस्पताल मरीजों या उनके परिजनों से नकद पैसे लेते हुआ या अग्रिम भुगतान के लिए हस्ताक्षर मांगता हुआ पाया गया तो उसका मनोनयन तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।श्री नायब सिंह सैनी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के लिए अस्पतालों को समय पर भुगतान के लिए एक रिवॉल्विंग फंड स्थापित करने का भी सुझाव दिया।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और मजबूत करने और चिकित्सकों की मांग को पूरा करने के लिए राज्य में 31 दिसंबर से पहले 777 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की जाएगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके अलावा, ग्रामीण स्वास्थ्य बुनियादी □ांचे को और मजबूत करने के लिए 718 उप स्वास्थ्य केंद्र, 82 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 25 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 825 स्वास्थ्य संस्थान चरणबद्ध तरीके से स्थापित किए जाएंगे।चंडीगढ़ में स्वास्थ्य, आयुष और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभागों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सर्जिकल पैकेज के तहत सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत के मरीजों का इलाज कर रहे सरकारी डॉक्टरों को 20 प्रतिशत समग्र निधि में से 5 प्रतिशत बोनस देने की भी मंजूरी दी। उन्होंने नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के लिए सभी अस्पतालों के प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्डों में हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बजट का 10 प्रतिशत प्रावधान करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि इससे लोगों को निजी अस्पतालों में इलाज कराने की जरूरतनहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने सीएम डैशबोर्ड से जुड़ा एक डिजिटल इन्वेंटरी पोर्टल प्राथमिकता के आधार पर स्थापित करने को भी कहा है । यह पोर्टल आईसीयू, अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्स-रे मशीन, सीटी स्कैनर आदि चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता की वास्तविक समय पर जानकारी देगा।